सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-59**
07/02/2016

एन0आई0टी0 शीघ्र अपने कैम्पस में जायेगा– मुख्यमंत्री

पटना 07 फरवरी, 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बी0सी0ई0–एन0आई0टी0 एलमुनी ऐसोसिएसन के एनुअल मीट 2016 का उद्घाटन करते हुये कहा कि हम बी0सी0ई0–एन0आई0टी0 के छात्र रहे है। इस कॉलेज को अभी तक 100 एकड़ जमीन नहीं दिला पाये है। एन0आई0टी0 शीघ्र अपने कैम्पस में जाये, इसके लिए सरकार तत्पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आई0आई0टी0 पटना को 500 एकड़ जमीन उपलब्ध करा दिया गया, लेकिन एन0आई0टी0 पटना को 100 एकड़ जमीन अभी तक उपलब्ध नहीं करा पाये है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सचिव श्री चंचल कुमार एवं जिलाधिकारी पटना को निर्देश दिया कि एन0आई0टी0 पटना को शीघ्र 100 एकड़ जमीन उपलब्ध करायें ताकि एन0आई0टी0 पटना अपने कैम्पस में जा सके। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष हमें एलमुनी ऐसोसिएसन के मिट में आने में खुशी तब होगी जब इसका अपने कैम्पस में निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने बैच के छात्रों तथा उसके पहले और बाद के बैच के लोगों से बी0सी0ई0–एन0आई0टी0 एलमुनी ऐसोसिएसन के एलमुनी कार्यक्रम में मिलने का मौका मिलता है। जिन्होंने पढ़ाया है, वैसे शिक्षकों से भी मिलने का मौका मिलता है। पुराने लोगों से मिलने पर बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री मुरली मनोहर जोशी को धन्यवाद दिया, जिनके निर्णय से बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज एन0आई0टी0 बना। उन्होंने कहा कि पटना में आई0आई0टी0 के लिए तत्कालिन शिक्षा मंत्री स्व0 अर्जुन सिंह के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जब हम पढ़ते थे तो 500 छात्र हुआ करते थे, आज छात्रों की संख्या बढ़कर 3500 हो गई है। हमलोगों के समय में इस कॉलेज में छात्रायें नहीं पढ़ती थी। आज इतनी बड़ी संख्या में छात्रायें इस कॉलेज से पास आउट हुई है। यह गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एन0आई0टी0 पटना के साथ मेरा व्यक्तिगत एवं भावनात्मक संबंध है। आपदा प्रबंधन पर यहॉ काम हो रहा है। इसे अपने कैम्पस में जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमे खुशी है कि आप लोगों के बीच मेरा समय व्यतीत हुआ और आप लोगों को सम्मानित करने का मौका मिला।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंजीनियर प्रयाग प्रसाद शाहू, इंजीनियर मोहम्मद अली, इंजीनियर अमरेन्द्र नारायण, सर्वश्रेष्ठ छात्र इंजीनियर निलेश अग्रहनी, इंजीनियर माधुरी जैन, इंजीनियर अतीश कुमार, इंजीनियर प्रियंका कुमारी, इंजीनियर सुप्रिया सिंह, इंजीनियर अंकित पाठक एवं इंजीनियर रजनीकांत रमण को सम्मानित किया। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभाग मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभाग को ट्रॉफी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने 1956 बैच, 1966 बैच एवं 1991 बैच के छात्रों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधान सचिव हैण्डलुम एवं टेक्सटाइल विभाग इंजीनियर अरूण कुमार सिंह, विधायक इंजीनियर विरेन्द्र कुमार, इंजीनियर रविशंकर सिन्हा एवं अविनाश चन्द्र सिन्हा, इंजीनियर गिरिश चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वागत भाषण डॉ0 अशोक डे ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर संतोष कुमार ने किया।

******